# प्रेस नोट दिनाँक- 02.12.2023

**(1).** आज दिनाँक 02.12.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 02.12.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे- चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

**(3).** पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के कुशल निर्देशन मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में थाना राजापुर पुलिस ने 01 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर को 04 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया ।

दिनाँक 01.012.2023 को थाना राजापुर में नियुक्त उ0नि0 श्री मुकेश परिहार तथा उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम चिल्लीराकस के पास से अभियुक्त राज निषाद पुत्र श्यामलाल निवासी बलिपुर रमसगरा थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को 04 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में

मु0अ0सं0 284/2023 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह यह गांजा जनपद फतेहपुर के किशनपुर से लाया था एवं गांजा पीने वालों को बेचने जा रहा था। बरामदशुदा गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 02 लाख 05 हजार रुपये करीब है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

राज निषाद पुत्र श्यामलाल निवासी बलिपुर रमसगरा थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर

**बरामदगीः-**

04 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 श्री मुकेश परिहार थाना राजापुर
2. आरक्षी अंकित शुक्ला
3. आरक्षी शुभम त्रिपाठी
4. आरक्षी जितेन्द्र मौर्या
5. आरक्षी निशांत यादव

**(4).** आज दिनाँक-02.12.2023 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला की अध्यक्षता में तहसील सभागार मऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय एवं महोदया द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये, भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 भूपेश द्विवेदी, उपजिलाधिकारी मऊ श्री राकेश पाठक, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्या, तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(5).** आज दिनाँक-02.12.2023 को अपर जिलाधिकारी श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में उपजिलाधिकारी मानिकपुर श्री रामजन्म यादव की उपस्थिति में तहसील सभागार मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये, भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

**(6).** आज दिनाँक-02.12.2023 को उपजिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद झा एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में तहसील सभागार राजापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय एवं महोदया द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये, भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

**(7).** आज दिनाँक 02.12.2023 को क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपध्याय द्वारा थाना सरधुवा के विवेचकों का अर्दली रुम किया गया। महोदया द्वारा अर्दली रुम के दौरान विवेचकों को गुण दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

अर्दली रुम के दौरान प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री गिरेन्द्र सिंह, निरीक्षक अपराध सरधुवा श्री अंजनी कुमार सिंह एवं अन्य विवेचकगण उपस्थित रहे।

**(8).** आज दिनाँक-02.12.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा थाना बरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रजिस्टरों का अवलोकन कर अद्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया तथा थाना कार्यालय, बन्दीगृह, मालखाना, cctns कार्यालय, बैरिक,भोजनालय, थाना परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महोदया द्वारा महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर आगन्तुक रजिस्टर चैक किया गया तथा रजिस्टर में अंकित आवेदक से सम्पर्क करके स्वयं फीडबैक लिया गया । मुकदमों से सम्बन्धित लम्बित मालों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । महोदया द्वारा थाना परिसर में निर्माणाधीन आवासीय बिल्डिंग का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के ठोकेदार का गुवत्तापूर्ण निर्माण करवाने एवं समय से निर्माण कार्य सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्या, पीआरओ श्री गुलाब त्रिपाठी एवं अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(9). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में आज दिनांक 02.12.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जनपद के समस्त थानों में पैरवी का कार्य देख रहे पैरोकार मुख्य आरक्षी/आरक्षियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई । महोदय द्वारा इस गोष्ठी में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस गोष्ठी में संवेदनशील एवं जनपद के चिन्हित टॉप-10 अपराधियो में अपेक्षित साक्षियों की उपस्थिति एं गवाही तथा प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराते हुए अधिकाधिक संख्या में सजा कराने हेतु न्यायालय के साथ समन्वय स्थापित करने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई ।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अनुज मिश्र एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे